हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 01 नवंबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

Page NO 10 : BOTTOM

एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स में एसआरएमएस को 20 स्वर्ण

एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स में एसआरएमएस के खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया। • हिन्दुस्तान

बरेली | प्रमुख संवाददाता

एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में एसआरएमएस सीईटी की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दो दिवसीय मंडलीय खेलों का आयोजन फ्यूचर कालेज में किया गया था। इसमें एसआरएमएस को 12 विभिन्न खेलों में 20 स्वर्ण, 17 रजत व 9 कांस्य पदक मिले। एसआरएमएस आईटी की आकृति सिंह बालिका वर्ग में बेस्ट एथलीट बनीं। टीम गेम्स में एसआरएमएस सीईटी के खिलाड़ियों ने बालक वर्ग में वालीबॉल, फुटबाल, बास्केटबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, 100 मीटर, एथलेटिक्स व 400 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और बालिका वर्ग में प्रतिभागियों ने वालीबॉल, बास्केटबाल खो-खो, एथलेटिक्स, शाटपुट, जेवलिन, हाई जंप, लांग जंप, 200 मीटर, चेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक हासिल किये। ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेट्री आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन एकेडिमिक्स डॉ. प्रभाकर रहे।